अमर उजाला 14/01/2026

भारतीय परंपराओं को आत्मसात करने की प्रेरणा

छावनी के जीएमएन कॉलेज में लोहड़ी पर्व पर नृत्य करते प्राचार्य व सदस्य। प्रवक्ता

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में लोहड़ी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इसमें विद्यार्थियों ने भागीदारी निभाई। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने लोहड़ी पर्व के सांस्कृतिक, सामाजिक एवं ऐतिहासिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ भारतीय परंपराओं को आत्मसात करने के लिए भी प्रेरित किया। जीएमएन कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्राचार्य डॉ. रामलखन माली सहित कॉलेज के सभी सहायक प्राध्यापक गण उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने पारंपरिक गीतों, लोकनृत्यों और उल्लासपूर्ण गतिविधियों के माध्यम से खुशी जाहिर की। संवाद